आवश्यक/समयबद्ध

प्रेषक,

**निदेशक,**
प्रशासन एवं विकास,
पशुपालन विभाग,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

**समस्त मुख्य पशुचिकित्साधिकारी,**
उत्तर प्रदेश।

पत्रांक 64 /चारा/3–डी–60/ह0चा0/2014–15, दिनॉक 8 मार्च,2016

विषयः– **नेशनल लाइब स्टाक मिशन में चारा दाना विकास योजनान्तर्गत हस्त चालित कुट्टी काटने की मशीन उपलब्ध कराया जाना (75प्रतिशत केन्द्र/25प्रतिशत लाभार्थी अंश) योजनान्तर्गत आवंटित धनराशि के सापेक्ष उपयोग हेतु दिशा–निर्देश।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि शासनादेश संख्या–15/2016/668/सैंतीस–2–2016–1(24)/2014, दिनॉक 05 मार्च 2016 को वित्तीय स्वीकृत निर्गत की गयी है, जिसका आबंटन इस कार्यालय के पत्र संख्या–600/बजट/29(5)/अनु0–15/30/2015–16, दिनॉक 08.03.2016 से किया गया है। प्रश्नगत योजना में निम्न निर्देशों का अक्षरसः अनुपालन करते हुए आंवटित धनराशि का व्यय एवं उपयोग करना सुनिश्चित करें:–

1– योजना में हस्त चालित कुट्टी काटने की मशीन का मूल्य रु0–5000/–निर्धारित है। योजनान्र्तगत लाभार्थी को मशीन का वास्तविक मूल्य का 75 प्रतिशत अथवा रु0–3750/–जो भी कम होगा, अनुदान दिया जायेगा। शेष मूल्य लाभार्थी द्वारा स्वंय वहन किया जायेगा।

2– लाभार्थी को अनुदान की धनराशि नगद नहीं दी जायेगी। बल्कि बैंक खाते के माध्यम से भौतिक सत्यापन के उपरान्त उपलब्ध करायी जायेगी। इस योजना का लाभ लाभार्थी को एक ही बार उपलब्ध कराया जायेगा।

3– जनपद के ऐसे पशुपालक का चयन लाभार्थी के रुप में किया जायेगा, जो कम से कम 02 बड़े दुधारु पशु पालता हो।

4– योजनान्र्तगत लघु/सीमांत पशुपालकों का ही चयन किया जायेगा।

5– प्रदेश में अल्पसंख्यकों को शासनादेशानुसार 20 प्रतिशत निर्धारित आरक्षण के अनुसार अल्पसंख्यक समुदाय के लाभार्थियो का चयन किया जाय।

6– दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञप्ति के माध्यम से प्रचार–प्रसार करते हुए लाभार्थियों के चयन हेतु आवेदन आमंत्रित किये जायेगें। आवेदन पत्र को खण्ड विकास अधिकारी के कार्यालय में प्राप्त किया जायेगा, जिसका पर्यवेक्षण संबंधित ब्लॉक के पशुचिकित्साधिकारी अथवा नामित प्रतिनिधि करेगें तथा प्राप्ति रसीद (दिनॉक व समय सहित) आवेदक को प्राप्त करायेगें।

7– लाभार्थियों का चयन मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति, जिसमें जिला कृषि अधिकारी सदस्य एवं संबंधित ब्लॉक के पशुचिकित्साधिकारी सदस्य तथा मुख्य पशुचिकित्साधिकारी सदस्य/सचिव होगें, के माध्यम से चयन किया जायेगा। यथा सम्भव प्रत्येक विकास खण्ड का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाय।

8– योजना के प्रथम चरण में भारत सरकार द्वारा उपलब्ध करायी गयी धनराशि से प्रदेश में 5515 लाभार्थियों को लाभाविन्त कराया जाना है। अतः प्रत्येक ब्लॉक में छः या सात लाभार्थियों को लाभान्वित कराया जाना है। ब्लॉकवार लक्ष्यों का निर्धारण संलग्न है।

9– मशीनों का कय लाभार्थी द्वारा स्वंय ही किया जायेगा। मशीन कय करने में संबंधित फर्म को सम्पूर्ण भुगतान प्रथमतयाः लाभार्थी को स्वंय करना होगा।

10– लाभार्थी द्वारा कय की गयी मशीन का बिल–बाउचर्स स्वंय सत्यापित कर अनुदान प्राप्त करने हेतु मुख्य पशुचिकित्साधिकारी के कार्यालय में जमा किया जायेगा। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी के कार्यालय द्वारा प्राप्ति रसीद (दिनॉक समय सहित) लाभार्थी को उपलब्ध कराया जायेगा।

11– मशीनों का कय सरकारी/अर्धसरकारी संस्थानों से ही किया जायेगा, उन्ही लाभार्थियों का भुगतान किया जाय, जिनके द्वारा उपरोक्त शर्तो का अनुपालन करें, अन्यथा की दशा में मुख्य पशुचिकित्साधिकारी स्वंय उत्तरदायी होगें।

12– बिल–बाउचर्स प्राप्त होने तथा स्थलीय निरीक्षण के पश्चात् तत्काल लाभार्थी के बैंक खाते में अनुदान की धनराशि उल्लिखित निर्देशानुसार भेज दी जाये तथा लाभार्थी को लिखित रुप से भी अवगत कराया जायेगा।

13– मशीनों के कय मूल्य में एक रुपता होनी चाहिए, भिन्नता की स्थिति में मुख्य पशुचिकित्साधिकारी जिम्मेदार होगें।

14– लाभार्थी की सूची संलग्न प्रारुप पर बिल–बाउचर्स की सत्यापित प्रति संलग्न करते हुये निदेशालय को उपलब्ध करायी जाये।

15– आवंटित धनराशि का व्यय प्रत्येक दशा में इसी वित्तीय वर्ष में किया जाना सुनिश्चित करें तथा उपयोगिता प्रमाण–पत्र निदेशालय को तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

16– शासन के पत्र संख्या–7/2016/3370/सैंतीस–2–2015–1(24)/2014, दिनॉक 19 फरवरी 2016, जो कि इस कार्यालय पृष्ठांकन संख्या–34/प–2/3डी/64/ह0चा0/चारा/2015–16, दिनॉक 19 फरवरी, 2016 से आपको पृष्ठांकित है, अक्षरशः अनुपालन किया जायेगा। विचलन की स्थिति में आप स्वंय उत्तरदायी होगें।

17– वित्तीय एवं भौतिक प्रगति हेतु प्रारुप संलग्न है। संलग्न प्रारुपों पर हस्त चालित एवं शक्ति चालित लाभार्थियों की सूचना 30 अप्रैल, 2016 तक निदेशालय को अवश्य उपलब्ध करायें।

**संलग्नकः–यथोपरि।**

भवदीय,

**(डा0राजेश बाबू वार्ष्णेय),**
निदेशक,
प्रशासन एवं विकास।

पत्रांक /चारा/3–डी–60/ह0चा0/2014–15, दिनॉक।

1– प्रतिलिपि समस्त अपर निदेशक ग्रेड–।।, पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अपने अधीनस्थ मुख्य पशुचिकित्साधिकारी से उक्त वर्णित निर्देशों का कडाई से अनुपालन कराया जाना सुनिश्चित करें।

2– प्रतिलिपि समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उत्तर प्रदेश को सूचनार्थ प्रेषित।

3– प्रतिलिपि समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश को सूचनार्थ प्रेषित।

4– प्रतिलिपि प्रमुख सचिव, पशुधन, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।

**(डा0राजेश बाबू वार्ष्णेय),**
निदेशक,
प्रशासन एवं विकास।

## हस्तचालित कुट्टी काटने की मशीन के अंतर्गत जनपदवार लाभार्थियों की संख्या एवं प्रति ब्लाक लाभार्थियों की संख्या का निर्धारण

**(धनराशि रूपये में)**

| क0 सं0 | जनपद का नाम | जनपदवार ब्लाकों की संख्या | जनपदवार लाभार्थी संख्या | प्रति ब्लाक लाभार्थियों की संख्या | जनपदवार आवंटित |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **आगरा** | 15 | 105 | 7 | 393750.00 |
| 2 | मथुरा | 10 | 70 | 7 | 262500.00 |
| 3 | मैनपुरी | 9 | 63 | 7 | 236250.00 |
| 4 | फिरोजाबाद | 9 | 63 | 7 | 236250.00 |
| | **योग** | **43** | **301** | | **1128750.00** |
| 5 | **अलीगढ़** | 12 | 84 | 7 | 315000.00 |
| 6 | कासगंज | 7 | 49 | 7 | 183750.00 |
| 7 | एटा | 8 | 56 | 7 | 210000.00 |
| 8 | हाथरस | 7 | 49 | 7 | 183750.00 |
| | **योग** | **34** | **238** | | **892500.00** |
| 9 | **इलाहाबाद** | 20 | 120 | 6 | 450000.00 |
| 10 | कौशाम्बी | 8 | 48 | 6 | 180000.00 |
| 11 | फतेहपुर | 13 | 78 | 6 | 292500.00 |
| 12 | प्रतापगढ़ | 17 | 102 | 6 | 382500.00 |
| | **योग** | **58** | **348** | | **1305000.00** |
| 13 | **आजमगढ़** | 22 | 132 | 6 | 495000.00 |
| 14 | मऊ | 9 | 54 | 6 | 202500.00 |
| 15 | बलिया | 17 | 102 | 6 | 382500.00 |
| | **योग** | **48** | **288** | | **1080000.00** |
| 16 | **बरेली** | 15 | 105 | 7 | 393750.00 |
| 17 | बदायूं | 15 | 105 | 7 | 393750.00 |
| 18 | शाहजहांपुर | 15 | 105 | 7 | 393750.00 |
| 19 | पीलीभीत | 7 | 49 | 7 | 183750.00 |
| | **योग** | **52** | **364** | | **1365000.00** |
| 20 | **बस्ती** | 14 | 84 | 6 | 315000.00 |
| 21 | सं.कबीरनगर | 9 | 54 | 6 | 202500.00 |
| 22 | सिद्वार्थ नगर | 14 | 84 | 6 | 315000.00 |
| | **योग** | **37** | **222** | | **832500.00** |
| 23 | **बांदा** | 8 | 48 | 6 | 180000.00 |
| 24 | चित्रकूट | 5 | 30 | 6 | 112500.00 |

| क0 सं0 | जनपद का नाम | जनपदवार ब्लाकों की संख्या | जनपदवार लाभार्थी संख्या | प्रति ब्लाक लाभार्थियों की संख्या | जनपदवार आवंटित |
|---|---|---|---|---|---|
| 25 | हमीरपुर | 7 | 42 | 6 | 157500.00 |
| 26 | महोबा | 4 | 24 | 6 | 90000.00 |
| | **योग** | **24** | **144** | | **540000.00** |
| 27 | **फैजाबाद** | 11 | 77 | 7 | 288750.00 |
| 28 | अम्बेडकरनगर | 9 | 63 | 7 | 236250.00 |
| 29 | अमेठी | 13 | 91 | 7 | 341250.00 |
| 30 | सुल्तानपुर | 14 | 98 | 7 | 367500.00 |
| 31 | बाराबंकी | 15 | 105 | 7 | 393750.00 |
| | **योग** | **62** | **434** | | **1627500.00** |
| 32 | **गोण्डा** | 16 | 112 | 7 | 420000.00 |
| 33 | बलरामपुर | 9 | 63 | 7 | 236250.00 |
| 34 | बहराइच | 14 | 98 | 7 | 367500.00 |
| 35 | श्रावस्ती | 5 | 35 | 7 | 131250.00 |
| | **योग** | **44** | **308** | | **1155000.00** |
| 36 | **गोरखपुर** | 19 | 133 | 7 | 498750.00 |
| 37 | महराजगंज | 12 | 84 | 7 | 315000.00 |
| 38 | देवरिया | 16 | 112 | 7 | 420000.00 |
| 39 | कुशीनगर | 14 | 98 | 7 | 367500.00 |
| | **योग** | **61** | **427** | | **1601250.00** |
| 40 | **झांसी** | 8 | 48 | 6 | 180000.00 |
| 41 | ललितपुर | 6 | 36 | 6 | 135000.00 |
| 42 | जालौन | 9 | 54 | 6 | 202500.00 |
| | **योग** | **23** | **138** | | **517500.00** |
| 43 | **कानपुर नगर** | 10 | 70 | 7 | 262500.00 |
| 44 | कानपुर देहात | 10 | 70 | 7 | 262500.00 |
| 45 | फर्रूखाबाद | 7 | 49 | 7 | 183750.00 |
| 46 | इटावा | 8 | 56 | 7 | 210000.00 |
| 47 | कन्नौज | 8 | 56 | 7 | 210000.00 |
| 48 | औरैया | 7 | 49 | 7 | 183750.00 |
| | **योग** | **50** | **350** | | **1312500.00** |
| 49 | **लखनऊ** | 8 | 56 | 7 | 210000.00 |
| 50 | उन्नाव | 16 | 112 | 7 | 420000.00 |
| 51 | रायबरेली | 18 | 126 | 7 | 472500.00 |
| 52 | हरदोई | 19 | 133 | 7 | 498750.00 |

| क0 सं0 | जनपद का नाम | जनपदवार ब्लाकों की संख्या | जनपदवार लाभार्थी संख्या | प्रति ब्लाक लाभार्थियों की संख्या | जनपदवार आवंटित |
|---|---|---|---|---|---|
| 53 | सीतापुर | 19 | 133 | 7 | 498750.00 |
| 54 | खीरी | 15 | 105 | 7 | 393750.00 |
| | **योग** | **95** | **665** | | **2493750.00** |
| 55 | **मेरठ** | 12 | 84 | 7 | 315000.00 |
| 56 | बागपत | 6 | 42 | 7 | 157500.00 |
| 57 | गाजियाबाद | 4 | 28 | 7 | 105000.00 |
| 58 | हापुड | 4 | 28 | 7 | 105000.00 |
| 59 | जी.बी. नगर | 4 | 28 | 7 | 105000.00 |
| 60 | बुलन्दशहर | 16 | 112 | 7 | 420000.00 |
| | **योग** | **46** | **322** | | **1207500.00** |
| 61 | **मिर्जापुर** | 12 | 72 | 6 | 270000.00 |
| 62 | सोनभद्र | 8 | 48 | 6 | 180000.00 |
| 63 | भदोही | 6 | 36 | 6 | 135000.00 |
| | **योग** | **26** | **156** | | **585000.00** |
| 64 | **मुरादाबाद** | 8 | 56 | 7 | 210000.00 |
| 65 | अमरोहा | 6 | 42 | 7 | 157500.00 |
| 66 | संभल | 8 | 56 | 7 | 210000.00 |
| 67 | रामपुर | 6 | 42 | 7 | 157500.00 |
| 68 | बिजनौर | 11 | 77 | 7 | 288750.00 |
| | **योग** | **39** | **273** | | **1023750.00** |
| 69 | **सहारनपुर** | 11 | 77 | 7 | 288750.00 |
| 70 | शामली | 5 | 35 | 7 | 131250.00 |
| 71 | मुजफ्फरनगर | 9 | 63 | 7 | 236250.00 |
| | **योग** | **25** | **175** | | **656250.00** |
| 72 | **वाराणसी** | 8 | 56 | 7 | 210000.00 |
| 73 | जौनपुर | 21 | 147 | 7 | 551250.00 |
| 74 | गाजीपुर | 16 | 96 | 6 | 360000.00 |
| 75 | चन्दौली | 9 | 63 | 7 | 236250.00 |
| | **योग** | **54** | **362** | | **1357500.00** |
| **महायोग** | | **821** | **5515** | | **20681250.00** |

## शक्ति चालित/हस्त चालित कुट्टी काटने की मशीन की भौतिक सूचना हेतु प्रारूप–1

| क्र0सं0 | लाभार्थी का नाम | पिता का नाम | जाति/श्रेणी | स्थायी पता | विकास खण्ड का नाम | ग्राम पंचायत का नाम | बैक/शाखा का नाम | खाता संख्या | मोबाइल नं0 | चयन का दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |

(नाम ..............................)
मुख्य पशुचिकित्साधिकारी
जनपद ....................

## शक्ति चालित/हस्त चालित कुट्टी काटने की मशीन की वित्तीय सूचना हेतु प्रारूप–2

| क्र0सं0 | लाभार्थी का नाम | स्थायी पता | विकास खण्ड का नाम | ग्राम पंचायत का नाम | बैक/शाखा का नाम | खाता संख्या | मोबाइल नं0 | अनुदान की धनराशि | मशीन का वास्तिविक मूल्य (रू0 में) | मशीन जिससे क्रय की गई संस्था का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |

(नाम ..............................)
मुख्य पशुचिकित्साधिकारी
जनपद ....................